कार्यालय प्राचार्य (अग्रणी) शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.),
दूरभाष कमांक–07749–222076, ईमेल– govtcoll_balod@rediffmail.com

दिनांक 28 / 11 / 2022

प्रति,

संवाददाता,
नवभारत,दैनिकभास्कर,नईदुनिया,
हरिभूमी,पत्रिका,देशबंधु,
जिला–बालोद (छ.ग.)।

/ /एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन / /

==00==

आज दिनांक– 28 / 11 / 2022 को इस महाविद्यालय में समाज कल्याण विभाग जिला बालोद के तात्वाधान से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) श्रद्धा चंद्राकर नें छात्र–छात्राओं को संबोधित किया और मानसिक अपंगता एवं विकार के बारे में जानकारी दिए। समाज कल्याण विभाग के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. प्रदीप राय ने दिव्यांग के जनकल्याण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री जयेश सिन्हा स्पेशल एजुकेटर ने शासन द्वारा चिन्हित निःशक्तता के 21 प्रकार एवं उनके पहचान के लक्षण के बारे में बताया एवं छात्र–छात्राओं को स्पेशल पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसर की जानकारी दिये। समाज कल्याण विभाग के क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट कु. रूखमणी बघेल ने मानसिक विकार और उनको दूर करने के बारे में विस्तार से छात्र–छात्राओं का अवगत कराया और किसी भी प्रकार के मानसिक विकार लोगों को परामर्श हेतु समाज कल्याण विभाग तक पहुंचाने का अनुरोध किया ताकि समय रहते उन लोगों का सही परामर्श दिया जा सके। कार्यक्रम का संचालन प्रो. एल.के. गवेल ने किया और छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया कि किसी भी प्रकार के दिव्यांगता के लक्षण (शारिरिक / मानसिक) स्वयं या आस–पास के लोगों में मिलता है या अनुभव होता है तो समाज कल्याण विभाग में परामर्श हेतु जरूर पहुंचे ताकि इस जनकल्याण योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. डॉ. जे.के. खलखो, डॉ. एच.एल.मानकर, प्रो. सी. डी. मानिकपुरी, प्रो. तुला राम ठाकुर एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

28/11/2022
प्रभारी

for
प्राचार्य,
शासकीय महाविद्यालय बालोद
Principal
Govt. Ghanshyam Singh Gupt
P. G. College, Balod (C.G.)

1083

F\Office-02(N)\Latter






सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है
जिला नि:शक्त पुनर्वास केन्द्र बालोद
समाज कल्याण विभाग बालोद द्वारा संचालित
जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम
स्थान
दिनांक -- 28.11.2022 --
गंगानगर, राजस्व कॉलोनी परिसर ग्राम - झलमला, वि.ख.- बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
मो.- 99936 87864 Email:- ddrcbalo